GREENLAWNS HIGH SCHOOL

TERMINAL EXAMINATION YEAR 2022- 2023

STD: 8th SUBJECT : Hindi Marks: 60

Time 2 Hour DATE :19 /9/2022

नोट: प्रश्न क्रमांक 1,2,3,6 और 7 अनिवार्य है । प्रश्न क्रमांक 4 और 5 में से कोई एक करना है ।

प्रश्न1- निम्नलिखित विषयों मेंसे किसी एक विषय पर निबंध लिखिए (10)

1) विद्यार्थी जीवन
2) भारत में जल संकट
3) आनलाईन शिक्षा का महत्व
4) शिक्षा में खेल-कूद का स्थान

प्रश्न2- निम्नलिखित विषयों मेंसे किसी एक विषय पर पत्र लिखिए (7)

1) काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी कक्षाध्यापिका (class teacher) को पत्र लिखिए ।
2) परीक्षा की तैयारी के विषय में बताते हुए अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए ।

प्रश्न3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

1) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (2)
   इंद्र, कान
2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (2)
   आवरण, आगत, ठंडा, क्रिया
3) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए । (2)
   आदमी, चोर, अमर, मीठा
4) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए। (2)
   खेल, मानस, देव, अर्थ
5) निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए। (2)

क) पानी-पानी होना

ख) नाक में दम करना

6) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए- (3)

क) कवि कविता लिखता है ।(रेखांकित शब्द के वचन बदल कर वाक्य फिर से लिखिए)

ख) सभी छात्रों ने परीक्षा दी । (रेखांकित शब्द के लिंग बदल कर वाक्य फिर से लिखिए)

ग) ताजमहल इतिहास से संबंधित इमारत है ।(रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिए)

प्रश्न 4- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।" बस यही तो समझाने वाली हूँ मैं तुम्हें-----------। ऋतुरानी हमेशा स्वस्थ व प्रसन्न पौधों को ही फूल देती हैं ।तुम चाहो तो अब भी बात बन सकती है ।अभी बिगडा ही क्या है ।"

1) उपर्युक्त वाक्य किसने-किससे कहें और कब? (2)

2) ऋतुरानी किसे कहा गया है? वह कैसे पौधों को फूल देती हैं? (2)

3) गुल्लू की आवाज में अकुलाहट क्यों थी? (3)

4) इस पाठ से क्या सीख मिलती है? (3)

प्रश्न 5- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

घनश्याम के सिवाय हम और किसी का जल ग्रहण नहीं करते । यही हमारे कुल का व्रत है ।इस व्रत के कारण अपने गोत्र में न तो किसी की मृत्यु हुई है और न कोई दूसरा अनर्थ ।

1) उपर्युक्त कथन किसने-किससे और क्यों कहे? (2)

2) चातक पुत्र किस बात पर अड़ा हुआ था? (2)

3) 'कमजोरी के ऊपर से ही आक्रमण करना विजय की पहली सीढ़ी है ' – इसका क्या अर्थ है? (3)

4) चातक पुत्र ने अपने पिता की बात नहीं मानी ।क्या यह सही है? अपने विचार लिखिए । (3)

प्रश्न 6- निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

आज तुझको देखकर चाहक भ्रमर आता नहीं,
लाल अपना राग तुझ पर प्रात बरसाता नहीं ।
जिस पवन ने अंक में ले,प्यार था तुझको किया,
तीव्र झोंके से सुला, उसने तुझे भू पर दिया।

1) भ्रमर कहाँ मंडराते थे और क्यों? (2)
2) सुमन के प्रति पवन के व्यवहार में विरोधाभास क्यों था? (2)
3) यह कविता क्या संदेश देती है? (3)
4) अर्थ लिखिए-
   चाहक, भ्रमर , प्रात, पवन,तीव्र, भू

प्रश्न 7- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1) शान्तनु के सामने पत्नी बनने के लिए गंगा ने क्या शर्त रखी थी? (2)
2) राजा शान्तनु क्यों चिंतित थे? (2)
3) भीष्म ने आजीवन अविवाहित रहने का व्रत लिया था फिर वे काशीराज की कन्याओं के स्वयंवर में क्यों गए? (3)
4) भीष्म ने अंबा की परिस्थिति को ध्यान में रखकर क्या प्रयास किया? (3)